अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 11 अप्रैल 2026
वैशाख कृष्ण-नवमी
विक्रम संवत-2083

PAGE NO, 13, BOTTOM

एमडीसीए और आईके नेक्स्ट जनरेशन सेमीफाइनल में

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का छठा सीजन अब निर्णायक पड़ाव पर पहुंच गया है। एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए रोमांचक क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एमडीसीए) और आईके नेक्स्ट जनरेशन ने शानदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

टूर्नामेंट का दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला मेरठ की ही एमडीसीए और तेजस्वी स्पोर्ट्स के बीच खेला गया। तेजस्वी स्पोर्ट्स के कप्तान अभियुद्धाय तोमर ने टॉस जीतकर एमडीसीए को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। एमडीसीए ने निर्धारित ओवरों में 233 रनों का स्कोर खड़ा किया। ऋतुराज शर्मा ने 44 गेंदों पर 92 रनों की तूफानी पारी खेली।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी तेजस्वी स्पोर्ट्स की शुरुआत खराब रही। टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए।

विआन राना का आतिशी शतक भी तेजस्वी स्पोर्ट्स को नहीं दिला सका जीत

हालांकि, ओपनर विआन राना ने एक छोर थामे रखा। राना ने 65 गेंदों पर 11 छक्कों और 15 चौकों की मदद से नाबाद 149 रनों की पारी खेली। लेकिन, दूसरे छोर से सहयोग न मिलने के कारण उनकी टीम लक्ष्य से पांच रन दूर रह गई। शानदार प्रदर्शन के लिए एमडीसीए के ऋतुराज शर्मा और तेजस्वी स्पोर्ट्स के विआन राना को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच चुना गया।

मुकाबले के दौरान शॉट लगाता खिलाड़ी। स्रोत : संस्था

आईके नेक्स्ट जनरेशन ने एसआरएमएस किंग्स को दी शिकस्त

तीसरे क्वार्टर फाइनल में आईके नेक्स्ट जनरेशन का सामना एसआरएमएस किंग्स से हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी एसआरएमएस किंग्स की टीम आईके नेक्स्ट के गेंदबाजों के सामने असहाय नजर आई। पूरी टीम नौ विकेट खोकर केवल 110 रन ही बना सकी। आसान से लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईके नेक्स्ट जनरेशन ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यन जुआल ने महज 38 गेंदों पर पांच छक्कों और छह चौकों की मदद से नाबाद 70 रन कूट डाले और अपनी टीम को नौ विकेट से एकतरफा जीत दिला दी। आर्यन को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से नवाजा गया। एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।